Nai Dunia (Indore), 27th December 2021, Page-5

# सम्मेलन में देशभर के शिक्षण संस्थानों को करेंगे शामिल

**इंदौर।** मध्यप्रदेश विज्ञान सम्मेलन में इस बार ज्यादा कार्यक्रम हुए और ज्यादा शिक्षण संस्थानों ने भागीदारी दर्ज कराई। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर सहित शहर के 12 कालेजों में 22 से 25 दिसंबर के बीच एक साथ संगोष्ठी आयोजित की गई थी। कार्यक्रम के समापन के बाद विज्ञान सम्मेलन से जुड़े अधिकारियों ने बैठक की। इसमें निर्णय किया कि अगले विज्ञान सम्मेलन में देशभर के शहरों के शिक्षण संस्थानों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। -नप्र